**सवाल -1 फॉगर क्या हैं?**

जवाब - फॉगर एक तरह का वह फव्वारा है जो पानी की बूंदो को समान रूप से महीन बनाकर तापमान में कमी लाके नमी को बढ़ाता हैं।

**सवाल -2 इसका उपयोग कहाँ -कहाँ होता हैं?**


जवाब - इसका उपयोग ग्रीन हाउस ,मुर्गी पालन ,पशुशाला तथा लम्बी सुरंगो में नमी बनायें रखने के लिए होता हैं।

**सवाल -3 फॉगर कैसे कार्य करता हैं?**

जवाब - जब लाइन का प्रेशर नियंत्रित स्तर से ऊपर होने पर फॉगर को LPD के माध्यम से संकेत मिलता है तब फॉगर में लगे महीन छिद्र खुलकर पानी को एक धुंध की तरह फेंकते है और प्रेशर के नियंत्रित स्तर से कम होने पर LPD के माध्यम से संकेत मिलते ही बंद हो जाते हैं और इससे लीकेज की समस्या भी नहीं आती हैं।

**सवाल -4 यह पानी के कितने प्रेशर पर कार्य करता हैं तथा चलते समय पानी की बूंदो का आकार कितना होता हैं?**

जवाब - फॉगर 2-4 Kg के प्रेशर पर अच्छे से कार्य करता हैं तथा उस समय इसकी महीन बूंदो का आकार 50-60 माइक्रोन तक होता हैं जो एक मनुष्य के बाल से भी पतला होता हैं।




**सवाल -5 फॉगर को मेन सप्लाई लाइन से जोड़ना तो काफी कठिन होता होगा ?**

जवाब – फॉगर में कनेक्टिंग ट्यूब पर दिए गए पिन कनेक्टर द्वारा ये आसानी से पानी की मेन सप्लाई लाइन में पुश फिट हो जाता हैं

**सवाल -6 फॉगर के हवा में लटके होने से यह स्थिर कैसे रह पता हैं?**

जवाब – फॉगर में कनेक्टिंग ट्यूब पर लगे हुए स्टेब्लाइज़र द्वारा उसके वज़न से फॉगर को स्थिरता मिलती हैं

**सवाल -7 फॉगर कितने विकल्पों में उपलब्ध होता हैं ?**

जवाब – फॉगर तीन विकल्पों में उपलब्ध होता हैं

